सीएसआईआर
CSIR
भारत का नवाचार इंजन
*The Innovation Engine of India*

# इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

त्रैमासिक राजभाषा समाचार बुलेटिन, वर्ष 14, अंक 54

**अप्रैल, 2025**

निशुल्क वितरण के लिए



सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान,
पिलानी-333 031, राजस्थान

**संरक्षक**

डॉ.  पी. सी.पंचारिया

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**संपादक**

श्री रमेश बौरा

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

**संपादन सहयोग**

श्री लोकेश टाक

कनिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी)

**प्रकाशक**

राजभाषा प्रकोष्ठ

सीएसआईआर-सीरी

**प्रकाशनाधिकार**

©

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

## विभिन्न आयोजन / महत्वपूर्ण घटनाएँ

### ✓ सीएसआईआर-सीरी द्वारा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

सीएसआईआर-सीरी ने दिनांक 4 जनवरी, 2025 को वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के स्थापना दिवस समारोह के दौरान डॉ. जितेंद्र सिंह, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री; डॉ. अजय सूद, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार ; एन कलैसेल्वी, महानिदेशक, सीएसआईआर और डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी की उपस्थिति में संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित छ: उन्नत प्रौद्योगिकियों का विभिन्न उद्योगों को सफलतापूर्वक हस्तांतरण किया गया। इनमें 'आईओटी सक्षम एंडोस्कोप फॉर मिनिमल इनवेसिव सर्जरी'; 'आईओटी सक्षम फील्ड डिप्लॉयमेंट किट फॉर वाटर क्वालिटी टेस्टिंग'; 'हाई इंटेंसिटी लाइट सोर्स फॉर मिनिमल इनवेसिव सर्जरी'; 'क्षीर स्कैनर'; 'क्षीर इनालाइजर' और 'अफोर्डेबल पीसीआर' प्रौद्योगिकियाँ शामिल हैं। समारोह के दौरान श्री साई कृष्णा, प्रभारी वैज्ञानिक, जयपुर परिसर; डॉ. मनीष मैथ्यू, प्रमुख, टीबीडी तथा डॉ. सत्यम श्रीवास्तव, प्रधान वैज्ञानिक भी मौजूद थे।



### ✓ सीएसआईआर-सीरी में हिंदी पुस्तक प्रर्दशनी का आयोजन

विश्व हिंदी दिवस (10 जनवरी, 2025) के अवसर पर संस्थान के ज्ञान संसाधन केंद्र (पुस्तकालय) में हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। डॉ सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक ने पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लगभग 1000 हिंदी पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में संस्थान के नियमित कर्मचारियों के अलावा परियोजना सहायकों, प्रशिक्षार्थियों आदि ने पुस्तकालय में प्रदर्शित पुस्तकों का अवलोकन किया।



### ✓ सीएसआईआर-सीरी में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 13 जनवरी, 2025 को विश्व हिंदी दिवस समारोह गरिमामयी ढंग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राघव प्रकाश, निदेशक, परिष्कार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने की। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिकों, तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्मिकों के अलावा परिष्कार कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती सविता पाईवाल, विज्ञान संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की वार्षिक विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण' के नवीनतम अंक का विमोचन भी किया गया तथा पत्रिका के विज्ञान लेखकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



### ✓ सीएसआईआर-सीरी द्वारा प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण

दिनांक 17 जनवरी, 2025 को सीएसआईआर इनोवेशन सेंटर, मुंबई के उद्घाटन के दौरान सीएसआईआर-सीरी द्वारा तीन तकनीकों, क्रमश: आईओटी सक्षम आईसीयू मरीज निगरानी प्रणाली, सॉफ्टवेयर सॉल्युशंस फॉर कॉल्पोस्कोपी तथा पोर्टेबल पीसीआर का विभिन्न उद्योगों को सफल हस्तांतरण किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. सारस्वत और डॉ. वी.के. पॉल तथा सीएसआईआर के महानिदेशक की गरिमामयी उपस्थिति रही। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने वर्चुअल माध्यम से इसमें भाग लिया। समारोह के दौरान सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया; टीबीडी के प्रमुख डॉ. मनीष मैथ्यू तथा वैज्ञानिक डॉ. सत्यम श्रीवास्तव और डॉ. नवजोत कुमार भी मौजूद थे।




### ✓ सीएसआईआर-सीरी के जयपुर परिसर में राजस्थान विज्ञान अकादमी की स्थापना पर मंथन

सीएसआईआर-सीरी, जयपुर परिसर में 24 जनवरी, 2024 को राजस्थान विज्ञान अकादमी की स्थापना पर विचार-विमर्श के लिए एक विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष और भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव, प्रो. अशुतोष शर्मा ने की। इस सत्र में जयपुर और आस-पास के

क्षेत्रों के 30 से अधिक शैक्षणिक और वैज्ञानिक संस्थानों के कुलपति, निदेशक एवं शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने राजस्थान विज्ञान अकादमी की स्थापना की संकल्पना पर अपने सुझाव और विचार साझा किए। अतिथियों ने जयपुर परिसर में उपलब्ध शोध सुविधाओं का भी अवलोकन किया।



### ✓ सीएसआईआर-सीरी में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन

संस्थान में राष्ट्र के 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सभी सहकर्मियों एवं उपस्थित अतिथियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा बैंड प्रदर्शन, मार्च पास्ट, देश भक्ति गीत आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। डॉ. पंचारिया ने परंपरागत रूप से परेड की सलामी ली। इस अवसर पर संस्थान के सहकर्मियों एवं पूर्व सहकर्मियों के अलावा सीरी विद्या मंदिर के शिक्षकगण, विद्यार्थी तथा पिलानी के अन्य नागरिक भी उपस्थित थे।



### ✓ संस्थान में ईएसडीएम स्किल कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में दिनांक 19 फरवरी, 2025 को इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग (ESDM) स्किल कॉन्क्लेव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान के माननीय राज्यपाल **श्री हरिभाऊ बागड़े** मुख्य अतिथि थे। सीएसआईआर-सीरी, पिलानी के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ. मेघेन्द्र शर्मा, सचिव, विज्ञान भारती-राजस्थान ने आयोजन की रूपरेखा और उद्देश्यों की जानकारी दी। मुख्य समारोह से पूर्व राज्यपाल महोदय द्वारा "विज्ञान की जीवन धारा" मूर्ति का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में 'अफोर्डेबल पीसीआर" (Affordable PCR) तकनीक का सफलतापूर्वक हस्तांतरण डॉ. श्रीधरन. जे, संस्थापक एवं निदेशक, क्राफ्टज़ाइम्स बायोटेक प्रा.लि., कोयंबटूर, तमिलनाडु को किया गया। ईएसडीएम स्किल कॉन्क्लेव 2025 में औद्योगिक क्षेत्र के विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया और भारत के ईएसडीएम क्षेत्र के विकास की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. चंद्रशेखर, जिला कलेक्टर रामवतार मीणा, एसपी शरद चौधरी समेत संस्थान के वैज्ञानिक, सहकर्मी एवं गणमान्य जन मौजूद रहे।










### ✓ सीएसआईआर-सीरी में उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (Micro, Small and Medium Enterprises – एम.एस.एम.ई.) मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम (ई.एस.डी.पी.) भारत सरकार द्वारा चलाई गई एक नवोन्मेषी पहल है जिसका उद्देश्य छोटे और मझोले उद्यमों के क्षेत्र में कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देना है। एमएसएमई के सौजन्य से दिनांक 05 फरवरी से 12 मार्च, 2025 तक सीएसआईआर-सीरी के पिलानी स्थित मुख्यालय और जयपुर परिसर में उद्यमिता जागरूकता कार्यशालाएँ/कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में आईटीआई/डिप्लोमा/बीटेक/एमटेक/पीएचडी के छात्र-छात्राओं सहित शोधार्थियों, उद्यमियों, दिव्यांगजनों, बेरोजगार एवं वंचित वर्ग के पंजीकृत

प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों का विवरण निम्नवत है:

**1. कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| अवधि | पाठ्यक्रम/ट्रेड |
|---|---|
| 05-7 फरवरी, 2025 | ए सी की मरम्मत एवं रखरखाव |
| 10-14 फरवरी, 2025 | विद्युत रखरखाव, डीजी सेट |
| 17-21 फरवरी, 2025 | ऑटोमोबाइल, कर्मशाला |
| 24-28 फरवरी, 2025 | पावर इलेक्ट्रॉनिक्स |
| 10-12 मार्च, 2025 | वैक्यूम इलेक्ट्रॉनिक्स |

**2. उद्यमिता जागरूकता कार्यशालाएँ/कार्यक्रम**

(i) उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला (25 फरवरी, 2025)

(ii) सीएसआईआर-सीरी, जयपुर परिसर में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (26 फरवरी-01 मार्च, 2025)

(iii) प्रगत वीएलएसआई डिज़ाइन पर उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम (3 से 7 मार्च 2025)

**3. अन्य उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम**

| दिनांक | कार्यक्रमों की संख्या |
|---|---|
| 12 फरवरी, 2025 | 01 |
| 01 मार्च, 2025 | 02 |
| 03 मार्च, 2025 | 01 |
| 11 मार्च, 2025 | 01 |
| 12 मार्च, 2025 | 02 |








**✓ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर डॉ पी सी पंचारिया सम्मानित**

दिनांक 28 फरवरी, 2025 (राष्ट्रीय विज्ञान दिवस) को सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राजस्थान विज्ञान महोत्सव के दौरान श्री वी सरवना कुमार, सचिव, विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान ने प्रदान किया।




**✓ संस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च, 2025) के उपलक्ष्य में सप्ताहपर्यंत आयोज्य कार्यक्रमों के अंतर्गत डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने 3 मार्च, 2025 को सभी महिला सहकर्मियों को स्वास्थ्य (फिटनेस) संबंधी शपथ दिलाई तथा स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ पंचारिया द्वारा स्टाफ क्लब का ध्वज फहरा कर वॅकाथॉन की शुरुआत की गई। इसके बाद महिला कर्मियों ने वॅकाथॉन एवं अन्य गतिविधियों में प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन सीरी स्टॉफ क्लब द्वारा किया गया। क्लब सचिव डॉ. नीरज कुमार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने सप्ताहपर्यंत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। स्टाफ क्लब द्वारा टेबल टेनिस तथा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।



✓ **संस्थान में पेटेन्ट फाइलिंग पर दो-दिवसीय गतिविधि का आयोजन**

सीएसआईआर-सीरी ने 26-27 मार्च, 2025 को सीएसआईआर-यूआरडीआईपी और सीएसआईआर-आईपीयू के सहयोग से दो दिवसीय पेटेंट फाइलिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। इस बैठक में डॉ. किशोर श्रीनिवासन, उत्कृष्ट वैज्ञानिक और प्रमुख, सीएसआईआर-यूआरडीआईपी; डॉ. प्रफुल्ल मालवाडकर, मुख्य वैज्ञानिक और प्रमुख-पीएमई, सीएसआईआर-यूआरडीआईपी; श्री पी वेंकटरमन, प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर-यूआरडीआईपी; डॉ गौरव कृष्णन, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर-आईपीयू; डॉ कपिल आर्य, प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर-आईपीयू ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। समापन सत्र में डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने बौद्धिक संपदा के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. नीरज कुमार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख, आईपी यूनिट ने कार्यक्रम का संचालन किया।




## महत्वपूर्ण बैठकें

1. **विषय :** प्रबंधन परिषद (55वीं मैनेजमेंट काउंसिल)
**दिनांक :** 09 जनवरी, 2025
**स्थान :** सम्मेलन कक्ष, सीएसआईआर-सीरी

2. **विषय :** अनुसंधान परिषद (57वीं रिसर्च काउंसिल)
**दिनांक :** 10 मार्च, 2025
**स्थान :** सम्मेलन कक्ष, सीएसआईआर-सीरी

## समझौता ज्ञापन/एनडीए/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

1. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स कोलैट्रल मेडिकल प्रा.लि.
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आईओटी सक्षम रोगी निगरानी प्रणाली
**दिनांक** – 20 जनवरी, 2025

2. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स कोलैट्रल मेडिकल प्रा.लि.
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** कॉल्पोस्कोपी के लिए सॉफ्टवेयर समाधान
**दिनांक** – 20 जनवरी, 2025

3. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स येलो मेडी प्लस प्रा.लि.
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** न्यूनतम इन्वेसिव सर्जरी के लिए आईओटी सक्षम पोर्टेबल एंडोस्कोप
**दिनांक** – 20 जनवरी, 2025

4. **उद्योग/क्लाइंट :** मानव रचना विश्वविद्यालय, हरियाणा
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** संस्थागत सहयोग
**दिनांक** – 18 फरवरी, 2025

5. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स प्रो एड्यूसफेअर प्रा.लि.
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** किफ़ायती पीसीआर
**दिनांक** – 19 फरवरी, 2025

6. **उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स क्राफ्टजायम्स बायोटेक प्रा.लि.
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** किफ़ायती पीसीआर
**दिनांक** – 19 फरवरी, 2025

## स्वीकृत/फाइल किए गए पेटेन्ट

1. **शीर्षक :** ए फ्लोटिंग एडजस्टेबल पोलैरिटी हाई वोल्टेज़ ट्रिगर पल्स सप्लाई फॉर टेराहर्ट्ज बेस्ड नॉन-डिसट्रक्टिव इवेल्युएशन सिस्टम
**शोधकर्ता/लेखक :** आशीष रंजन, आनंद अभिषेक, नीरज कुमार
**स्वीकृति सं. :** 202511017907

## शोध पत्र/लेख/व्याख्यान प्रस्तुतीकरण

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग ट्रेंड्स इन एडवांस मैटीरियल 2025
**स्थान** – कोलकाता
**दिनांक** – 06-07 फरवरी, 2025
**शोध पत्र** – इलेक्ट्रोड कॉन्फिगरेशन इफैक्ट ऑन द परफॉरमेंस ऑफ $HfO_2$ बेस्ड इंफ्रारेड डिटेक्टर्स : एएफईएम स्टडी
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – उत्तरा बी, मो. ए. रहमान, एस श्रीराम, पी बी अग्रवाल

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एंडवासमेंट इन मैटीरियल साइंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट 2025
**स्थान** – हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेन्द्रगढ़
**दिनांक** – 13-15 फरवरी, 2025
(1) **शोध पत्र** – फैब्रिकेशन ऑफ कैवेटी इन टीएलसीसी फॉर मेम्स एण्ड माइक्रोसिस्टम पैकेजिंग एप्लिकेशन्स
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – डी के खरबंदा, एन सूरी
(2) **शोध पत्र** – माइक्रोस्ट्रिप ट्यूनेबल Ku- बैण्ड बैण्डपास फिल्टर बेस्ड ऑन मैग्नेटोस्ट्रिक्टिव FeGa थिन फिल्म्स
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – के. खांडल, जे. सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इनोवेशन इन कम्प्यूटिंग एण्ड इंजीनियरिंग 2025
**स्थान** – दिल्ली
**दिनांक** – 28 फरवरी – 1 मार्च, 2025
**शोध पत्र** – इम्पिरीकल इवैल्युएशन ऑफ ऑब्स्टेकल रेंज एस्टीमेशन टेक्नीक्स इन डाइवर्स एन्वायरन्मेन्ट्स यूजिंग मिलिमीटर वेव रडार
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – वाई सोनी, पी मांझी, धीरज

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** - 20th आईईईई/एसीएम इंटरनेशनल कॉफ्रेंस ऑन ह्यूमन रोबोट इंटरैक्शन
**स्थान** – मेलबर्न
**दिनांक** – 4-6 मार्च, 2025
**शोध पत्र** – ए मल्टीमॉडल डाटासेट फॉर इनहांसिंग इंडस्ट्रियल टास्क मॉनीटरिंग एण्ड एंगेजमेंट प्रीडिक्शन
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एन के मेहता, अरविंद, एच कुमार, ए बनर्जी, एस सौरव

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** - 8th इंटरनेशनल कॉफ्रेंस ऑन नेनोसाइंस एण्ड नेनोटेक्नोलॉजी
**स्थान** – चैन्नई

**दिनांक** – 24-26 मार्च, 2025

**शोध पत्र** – फाइनाइट एलीमेंट सिमुलेशन ड्रिवन इनसाइट्स इनटु CMOS कॉम्पेटिबल $HfO_2$ फॉर हाई-परफॉरमेंस पायरोइलेक्ट्रिक मेम्स आईआर डिटेक्टर्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – उत्तरा बी, मो. ए रहमान, एस श्रीराम, पी बी अग्रवाल

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** - 25th इंटरनेशनल सिम्पोज़ियम ऑन सर्किट्स एण्ड सिस्टम्स 2025

**स्थान** – लंदन

**दिनांक** – 25-28 मार्च, 2025

**शोध पत्र** – डायलॉक : ए डायनेमिक की-बेस्ड SAT एण्ड स्ट्रक्चरल अटैक्स रिज़िलिएंट लो-ऑवरहेड लॉजिक लॉकिंग

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – जे गांधी, डी शेखावत, टी डोजे, जे जी पाण्डेय

## एसीएसआईआर समाचार

✓ **पी एच डी प्री थीसिस ओपन कोलोक्विम**

**1. विषय :** डिज़ाइन एण्ड डवलपमेंट ऑफ कॉम्पैक्ट क्वाडरपोल मास एनालाइज़र फॉर इन फील्ड एप्लिकेशन्स

**प्रस्तुतकर्ता :** सुश्री खुशबू, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र

**दिनांक :** 24 जनवरी, 2025

**1. विषय :** इंवेस्टिगेशन ऑफ हाई पावर स्यूडोस्पार्क डिस्चार्ज बेस्ड डिवाइस फॉर फास्ट पल्स्ड पावर एप्लिकेशन्स

**प्रस्तुतकर्ता :** श्री अखिलेश मिश्रा, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र

**दिनांक :** 18 मार्च, 2025

## कौशल विकास कार्यक्रम/शिक्षण-प्रशिक्षण

**1. कार्यक्रम का नाम** - सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम (शिल्प बैच-12)

**कॉलेज/संस्थान का नाम** – गणपत विश्वविद्यालय, गुजरात

**प्रशिक्षित छात्रों की संख्या** – 14

**अवधि** – 03 फरवरी से 14 फरवरी, 2025

➢ **कौशल विकास के अंतर्गत जनवरी से मार्च तक शैक्षणिक दौरा**

| स्कूल/कॉलेज का नाम | छात्रों की कुल संख्या |
|---|---|
| राधाकृष्ण बिड़ला स्कूल, पिलानी;<br>पीएम श्री रा.उ.मा.वि., उदयपुरवाटी;<br>एमजीजीएस, लिखवा;<br>रा.उ.मा.वि., खुडानिया;<br>परमवीर पीरू सिंह रा.उ.मा.वि., झुंझुनूं;<br>पीएम श्री रा.उ.मा.वि., हमीरवास, चूरू;<br>रा.उ.मा.वि., बनगोठरी, झुंझुनूं;<br>बिड़ला पब्लिक स्कूल, पिलानी;<br>करणी कृपा स्कूल, मंडावा, झुंझुनूं;<br>आरपीएस डिग्री कॉलेज, बलाना, महेन्द्रगढ़;<br>राजकीय कॉलेज, सीवानी;<br>आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज, बलाना महेन्द्रगढ़, हरियाणा | 717 |

## प्रमुख राजभाषा गतिविधियाँ

✓ **तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकत्र एवं समेकित कर अक्टूबर-दिसंबर, 2024 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट 20 जनवरी, 2025 को संयुक्त सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

✓ **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में अक्टूबर-दिसंबर, 2024 तिमाही के कार्यों की समीक्षा हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 23 जनवरी, 2025 को आयोजित की गई।

✓ **प्रकाशन कार्य**

1. वार्षिक विज्ञान पत्रिका इलेक्ट्रॉनिक दर्पण – वर्ष 2024, अंक 8
2. त्रैमासिक राजभाषा समाचार पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति' वर्ष 14, अंक 53 (जनवरी, 2025)

✓ **प्रतियोगिताएं**

1. श्रुतलेख – हिंदी भाषी (31 जनवरी, 2025)
2. श्रुतलेख – हिंदीतर भाषी (19 मार्च, 2025)

✓ **कार्यशाला**

हिंदी लघु कार्यशाला (31 जनवरी, 2025)

## प्रशासनिक समाचार

➢ **पदोन्नतियाँ**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | पदोन्नत पद | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री हनुमान प्रसाद | स.अनु.अधिकारी | 01.01.2025 |

➢ **नियुक्तियाँ एवं पदस्थापन**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती किरण देवी, एमटीएस | 31.01.2025 |
| 2. | श्रीमती अर्चना यादव, स.अ.अ. (सामान्य) | 12.03.2025 |
| 3. | श्री अभिषेक, स.अ.अ. (सामान्य) | 12.03.2025 |
| 4. | श्रीमती मुकेश कुमारी, स.अ.अ. (भं.एवं क्रय) | 12.03.2025 |
| 5. | श्री राहुल बुरड़क, स.अ.अ. (सामान्य) | 12.03.2025 |
| 6. | श्री लालचन्द दैया, स.अ.अ. (सामान्य) | 13.03.2025 |
| 7. | श्री मनीष कुमार मीणा, स.अ.अ. (सामान्य) | 17.03.2025 |
| 8. | श्री जगराम मीणा, स.अ.अ. (सामान्य) | 17.03.2025 |

"सर्वप्रथम और महान सामाजिक सेवा जो हम अर्पित कर सकते हैं – अपनी देशी भाषाओं पर लौटना है, हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में उसका प्राकृत स्थान दिलाना है।"

\- महात्मा गांधी